# किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,

## डिपार्टमेन्ट ऑफ फिजिकल मेडिसिन एण्ड रिहैबिलीटेशन

नबीउल्लाह रोड, लखनऊ–226018, उत्तर प्रदेश


(6)

पत्र सं0 2913 / 16 दिनांक 03/05/2016

155
4/5/16

सेवा में,

माननीय कुलपति जी,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उ0प्र0,लखनऊ।

आदरणीय महोदय,

आपके कार्यालय आदेश सं0 **#VC/KGMU/2016/22/April,25.2016** के अनुपालन में गठित कमेटी की एक बैठक अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में दिनांक 26.04.2016 को सम्पन्न हुयी। जिसमें कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त डा0 अभिषेक अग्रवाल,सहायक अधीक्षक,आर0ए0एल0सी0 श्री उमेश यादव,एवं श्री बब्लू सिंह,अवर अभियन्ता(यांत्रिक),ने भी बैठक में भाग लिया एवं श्रीमती दीप्ति शंखवार,पी0आर0ए0,अधीक्षक,आर0ए0एल0सी0 परिसर भी उपस्थित रहीं। बैठक में दिनांक 23 अप्रैल 2016 को दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र भारत में छपी खबर "लिम्ब सेन्टर की लिफ्ट में सुरक्षा के नाम पर हो रहा खिलवाड़" की समीक्षा की गयी जो कि निम्नवत हैः–

1. डी0पी0एम0आर0 परिसर में पांच लिफ्टें स्थापित हैं जो कि सभी क्रिया शील हैं किन्तु पेट्रोल पम्प साइड में स्थापित लिफ्ट का संचालन वर्तमान समय में कर्मचारियों की कर्मी के कारण ठप है। महोदय आपके संज्ञान में यह भी लाना है कि डी0पी0एम0आर0 विभाग में शासन द्वारा तीन लिफ्ट आपरेटरों के पद सृजित है। जिसमें से दो पद वर्तमान समय में इस कारण से रिक्त हो गये हैं कि कुछ माह पूर्व दो लिफ्ट आपरेटर सेवानिवृत्त हो गये हैं।

2. महोदय इस विभाग के परिसर में स्थापित समस्त लिफ्टों का संचालन कार्य अधीक्षक के आदेश सं0 288 दिनांक 18.02.2016 के अनुसार श्री उमेशयादव एवं श्री बब्लू सिंह,अवर अभियन्ता के नियंत्रण में जिनको समय–समय पर लिफ्टों के सुचारू रूप से संचालन हेतु अवगत कराया जाता है। बैठक में श्री उमेश यादव,अवर अभियन्ता के द्वारा समस्त लिफ्टों का सुचारू रूप से संचालन करने हेतु कर्मचारियों की कमी बताई गयी। बैठक में श्री उमेश यादव एवं श्री बब्लू सिंह,अवर अभियन्ता यांत्रिक के द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आर0ए0एल0सी0 परिसर में स्थापित लिफ्टों का चार्ज जो कि पूर्व में श्री एस0पी0 सिंह, अवर अभियन्ता,विद्युत के पास है,अभी तक हस्तगत नहीं किया गया है जिसके कारण इस परिसर में स्थापित लिफ्टों के संचालन में कठिनाई उत्पन्न होती रहती है।

3. लिफ्टों के सुचारू संचालन हेतु कर्मियों की कमी पर संबंधित अभियन्ता को अवगत कराया गया कि एक लिफ्ट आपरेटर डी0पी0एम0आर0 में तथा 03 वाह्य सेवा प्रदाता के लिफ्ट आपरेटर अस्थिशल्य विभाग में हैं इसके अतिरिक्त वह इस विभाग के दो रिक्त पदों पर कर्मचारियों की मांग कर सकते हैं इस सम्बन्ध में पद सृजन का शासनादेश उनको उपलब्ध करा दिया जायेगा इसके बाद भी यदि और भी कुछ कर्मचारियों की आवश्यकता है तो वह अपनी मांग कर सकते हैं।

Petrol Pump Side | 0PD,ORTHO Side

| | | |
|---|---|---|
| LIFT NO 1 | P.M.R.ENTRY → | LIFT NO 2<br>LIFT NO 3 LIFT NO 4 |

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
डिपार्टमेन्ट ऑफ फिजिकल मेडिसिन एण्ड रिहैबिलीटेशन
नबीउल्लाह रोड, लखनऊ–226018, उत्तर प्रदेश

पत्र सं0 /16 दिनांक



लिफ्ट नं0–1 24 घण्टे
लिफ्ट नं0–2 प्रातः 8 से 4:00 सांय तक
लिफ्ट नं0–3 प्रातः 8 से 4:00 सांय तक
लिफ्ट नं0–4 24 घण्टे
लिफ्ट नं0–5 गठियारोग विभाग 24 घण्टे

4(a) समाचार पत्र में छपी खबर की अस्थि शल्य विभाग की तरफ रस्सी बंधी रहती है जिसके कारण मरीजों कों परेशानी होती है महोदय उक्त रस्सी से मरीजों को कोई बाधा नहीं आती है बल्कि उक्त रस्सी इस कारण से बंधी रहती है कि आवांछनीय वाहन उस स्थान पर न खड़े होने पाये तथा आवश्यकता पड़ने पर रस्सी हटा ली जाती है।

4(b) ट्रैफिक कोन हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अनुरोध किया जा रहा है।

5. अस्थि शल्य विभाग की ओ0पी0डी0 में पंखे कियाशील है मात्र एक पंखा खराब है इसके अतिरिक्त मरीज हित में एक एयर कूलर भी कियाशील है।
6. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि श्रीमती दीप्ति शंखवार,पी0आर0ए0,अधीक्षक आर0ए0एल0सी0 परिसर कमवार इस परिसर में स्थापित समस्त विभागों की विभिन्न यूनिटों,वार्डो तथा ओ0पी0डी0 का कमवार निरीक्षण करेंगी तथा विद्युत,इत्यादि की संबंधित विभाग को आन लाइन कम्प्लेन करेंगी सभयान्र्तगत कार्यवाही न होने पर पुनः संबंधित को रिमाइन्डर प्रस्तुत करेंगी जिस पर उन्होंने अपनी सहमति व्यक्त की।

7. महोदय, बैठक में यह भी संज्ञान में लाया गया कि जो पंखे खराब हो जाते हैं विभाग का इलेक्ट्रिशिन उनको ठीक करवाने के नाम पर विद्युत विभाग के0जी0एम0यू0 को भेजता है जिसकी रिसीविंग भी उसके पास रहती है किन्तु उसके द्वारा बार–बार यह अवगत कराया जाता है कि पंखे अभी तक वापस नहीं मिल पायें हैं इस व्यवस्था को सुदृढ करने के लिये संबंधित इलेक्ट्रिशियन को यथा आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं।

8. वाटर कूलर के पास निरन्तर साफ सफाई हेतु संबंधित को यथा आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।

इस प्रकार समाचार पत्र में छपी खबर सत्यता से परे एवं भ्रामक प्रतीत होती है।

| | | |
|---|---|---|
| (उमेश यादव) अवर अभियन्ता | ( बब्लू सिंह ) अवरअभियन्ता | (दीप्ति शंखवार ) पी0आर0ओ0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (डा0 अभिषेक अग्रवाल) स0अ0आर0ए0एल0सी0परिसर | (डा0 नितिन दत्त भारद्वाज) मेम्बर सेकेटरी | (डा0मो0कमर आजम) मेम्बर | (डा0 अनिल कुमार गुप्ता) चेयरमैन |